an>

Title: Regarding permanent appointment of apprentice Trainees who have completed training in various factories of Indian Railway in Group 'D'.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): माननीय सभापति जी, मेरे क्षेत्र का विषय रेल विभाग से संबंधित है। बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में एकमात्र रेलवे जोन का कार्यालय है जिसमें बिलासपुर, रायपुर और नागपुर रेलवे मंडल आता है। इनमें जो विभिन्न कारखाने हैं, इनमें करीब 5 वर्षों में 300 प्रशिणार्थियों ने एप्रैंटिस के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

रेल मंत्रालय के द्वारा 5-10-12 को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें यह बताया गया है कि अप्रेंटिस प्रशिणार्थियों की ग्रुप डी के पदों पर एवजीयों के रूप में नियुक्ति की जानी है। इसी के तहत वहां के प्रशिणार्थी लगातार मांग कर रहे हैं लेकिन रेलवे विभाग के जी एम के द्वारा जो सूचना दी गई है कि मैं इस संबंध में निर्णय लेने में असक्षम हूं, ऐसा करके प्रशिणार्थियों को सही ढंग से जवाब नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण वहां पर युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। मैं सदन के माध्यम से यह जानकारी देना चाहूंगा कि एवजीयों के रूप में जिन अप्रेंटिसों ने प्रशिक्षण लिया है, जिसमें सेन्ट्रल रेलवे मुम्बई, साउथ सेन्ट्रल सिकन्दराबाद, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला, साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल में करीब 200 ऐसे अप्रैंटिस प्रशिक्षणार्थियों को एवेजीयों के रूप में नियुक्ति दी गई है। यह बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि हम एक तरफ स्किल्ड डवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को रोजगार देना चाहते हैं परंतु रेलवे विभाग के इस तरह के असहयोगपूर्ण रवैये के कारण 300 प्रशिणार्थी जिन्होंने विधिवत रेलवे विभाग का प्रशिक्षण लिया है, उनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है जिसके कारण युवाओं में बहुत आक्रोश व्याप्त है। इसलिए सरकार इस ओर ध्यान दे। मेरा यही सरकार से आग्रह है। धन्यवाद।